## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 14 मार्च को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लोकसभा सांसद एवं जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष श्रीमती गोमती साय की अध्यक्षता में जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक 14 मार्च 2020 को दोपहर 1 बजे से कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जावेगी।

### किसानों से अपील, सौर सुजला योजना के संबंध में फैलाये जा रहे अफवाहों से रहे दूर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** उप संचालक कृषि जिला रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुछ लोगों द्वारा यह अफवाह फैलायी जा रही है कि जिन किसानों के द्वारा सौर सुजला योजनान्तर्गत सोलर पैनल लगाये जाने हेतु आवश्यक राशि शीघ्र जमा की जावेगी, उनके क्षेत्र (खेत/बाड़ी)में सोलर पैनल प्राथमिकता से स्थापित किया जावेगा। यह पूर्णतः निराधार एवं भ्रामक है। ऐसा कोई निर्देश जिला कार्यालय के द्वारा लिखित या मौखिक रूप से नहीं दिया गया है। जिले के समस्त किसानों से अपील है कि इस प्रकार के अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों को कृषि विभाग में क्रियान्वित किसी भी योजना अंतर्गत राशि न देवें तथा ऐसे किसी व्यक्ति अथवा घटना की पता चलने की सूचना नजदीकी थाने में देवे।

### कंजीनाला पर पनगांव एनीकट योजना के निर्माण की स्वीकृति

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड पामगढ़ की कंजीनाला पर पनगांव एनीकट योजना के निर्माण के लिए एक करोड़ 84 लाख 99 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके निर्माण से निस्तारी तथा भू-जल संवर्धन सहित 125 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

### महानदी मुख्य नहर में पुल निर्माण की स्वीकृति

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा धमतरी जिले के विकासखण्ड धमतरी की महानदी परियोजना अंतर्गत महानदी मुख्य नहर पर पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदाए की गई है। इसके निर्माण के लिए एक करोड़ 98 लाख 80 हजार रूपए की राशि स्वीकृत है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में 3 आरोपियों को 20-20 साल की सजा

» इसी मामले में 02 अन्य आरोपियों को बालिका से छेड़खानी पर मिली है सजा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रेक कोर्ट रायगढ़ में दिनांक 18.02.2020 को थाना चक्रधरनगर के अपराध क्रमांक 20/2019 धारा 363, 354, 354(क-1), 376, 34 भादवि एवं पास्को एक्ट की धारा 4, 6, 7, 8, 11, 12, 18 में आरोपी (1) अकबर खान उर्फ राज पिता सलीम खान उम्र 23 वर्ष निवासी सारंगढ़ डीपापारा थाना सारंगढ़ (2) कैलाश कुमार बरेठ पिता बृहस्पति बरेठ उम्र 22 साल निवासी चंद्रपुर रायगढ़ यादव मोहल्ला जिला जांजगीर चांपा (3) तेज कुमार यादव उर्फ राजू पिता चंद्रमणि निषाद उम्र 22 साल निवासी चंद्रपुर भलियापारा को बालिका से दुष्कर्म करना पाए जाने पर धारा 376 (3) ताहि एवं 6 पास्को एक्ट में 20-20 साल की सजा तथा आरोपी (4) राजीव कुमार यादव उर्फ राजू पिता बरातू राम यादव उम्र 26 साल निवासी जोगरा थाना शक्ति जिला जांजगीर चांपा हाल मुकाम दीनदयाल कॉलोनी ढिमरापुर रायगढ़ (5) सत्यनारायण देवांगन उर्फ सत्या पिता विनय कुमार देवांगन उम्र 30 साल निवासी पैलेस रोड़ सारंगढ़ वार्ड क्रमांक 13, थाना सारंगढ़ को धारा 354 ताहि एवं 8, 12 पास्को एक्ट में पर क्रमशः 3 एवं 2 साल की सजा सुनाई। जानकारी अनुसार दिनांक 19.01.2019 को पीड़िता के पिता द्वारा दिनांक 18.01.2020 को बालिका के घर से बिना बताए कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिस पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना दरम्रान दिनांक 24.01.2019 को बालिका को सारंगढ़ बस स्टैंड ट्रांसपोर्ट नगर रेन बसेरा से बरामद किया गया।

# रेडक्रॉस दवा दुकानों में कम से कम कीमतों में दवाएं मिलना सुनिश्चित करें- बोरा

» रक्त संग्रहण को अभियान के रूप में चलाए जाए »इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्री सोनमणि बोरा ने ली जिला सचिवों की बैठक

» फर्स्टएड का लक्ष्य 1 हजार से बढ़ाकर 10 हजार तक करने का निर्देश

» रक्त संग्रहण की क्षमता 25 हजार यूनिट करने का लक्ष्य



**रायपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्री सोनमणि बोरा ने आज रेडक्रॉस भवन में रेडक्रॉस जिला सचिवों की बैठक ली। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस समिति द्वारा संचालित दवा दुकानों में दवाईयां कम से कम दरों में मिलना सुनिश्चित करें। यह दुकाने मूलतः गरीबों को ध्यान में रखकर संचालित की जाती है, अतः इसे बिना लाभ-हानि के आधार पर चलाया जाए। इसमें से ली जाने वाली सहयोग राशि की दर न्युनतम रखी जाएगी। इस निर्णय के पश्चात् कुछ दवाओं की कीमतें लगभग 50 से 90 प्रतिशत तक कम हो जाएंगे। श्री बोरा ने कहा कि यह एक पुण्य कार्य है अतः हम आम जनता को जितनी सस्ती दवाई दे सकेंगे उतना ही अच्छा होगा। यह प्रयास करें की सभी दवाईयां उपलब्ध हो, चाहे जिन दवाईयों में लाभांश का प्रतिशत न्युनतम हो या उनकी बिक्री की दर कम हो। श्री बोरा ने निर्देश दिया कि हर जिलों में न्युनतम दो और हर विकासखंड में एक-एक दवा की दुकानें प्रारंभ करें और दवा दुकानों की संख्या 33 से बढ़ाकर 100 की जाए। बोरा ने कहा कि सभी जिलों तथा प्रदेश मुख्यालय को मिलाकर रेडक्रॉस समिति द्वारा रक्त संग्रहण की क्षमता 12 हजार यूनिट है, इसे बढ़ाकर 25 हजार यूनिट तक किया जाए। एनसीसी, एनएसएस तथा विद्यार्थियों को रक्तदान महत्व बताएं और रक्तदान के लिए प्रेरित करें। अधिकारियों ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जो रक्त प्रदान किया जाता है उसके बदले रक्त नहीं लिया जाता। यह हमारी सबसे अनोखी विशेषता है। बोरा ने कहा कि हर व्यक्ति को फर्स्टएड का प्रशिक्षण मिलना चाहिए। वे स्वयं भी इसका प्रशिक्षण लेंगे। यहां तक हर जिले के कलेक्टर, विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी और एनसीसी, एनएसएस जैसे अन्य स्वेच्छिक संस्थाओं और अधिक से अधिक युवाओं को फर्स्टएड की प्रशिक्षण दे, ताकि किसी भी संकट के समय में रेडक्रॉस द्वारा प्रशिक्षित स्वयंसेवक तुरंत मदद प्रदान करें। एक फर्स्टएड का प्रशिक्षण मॉडल बनाए और इसे अभियान के रूप में चलाएं। उन्होंने इसका लक्ष्य 1 हजार से बढ़ाकर 10 हजार तक करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि 8 मई को रेडक्रॉस का 100 वर्ष पूरे हो रहे है। इस अवसर पर जिलास्तर और प्रदेशस्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें लगभग 10 केटेगिरी में प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी और इस कार्यक्रम में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिला समितियों, दवा दुकानों, दान दाताओं और स्वयंसेवकों सहित अन्य लोगों को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बोरा ने कहा कि रेडक्रॉस में संचालित शव वाहन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन जिलों में यह वाहन उपलब्ध नहीं है उनकी वैक्लिपक व्यवस्था जानकारी दे और प्रयास करें शव वाहन के साथ फ्रीजर की व्यवस्था करें। उन्होंने रेडक्रॉस समिति द्वारा संचालित वृद्धाआश्रम के संबंध में कहा कि जहां पर यह संचालित हो रहे है उन जिलों में आश्रम की क्षमता बढ़ाएं और साफ-सुथरा रखे और सेवा भाव से संचालित करे। वे स्वयं इनका निरीक्षण भी करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जिले ऑडिट की प्रक्रिया पूर्ण करा ले। उन्होंने जल्द ही जल्द नवीन रेडक्रॉस भवन का भूमि पूजन कराने और सदस्यता अभियान तेज करने का निर्देश दिया।

### जुटमिल से 15 वर्षीय बालिका लापता

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चौकी जुटमिल में दिनांक 19.02.2020 को एक महिला द्वारा अपनी 15 वर्षीय बालिका के गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। गुम बालिका दिनांक 17/02/2020 को सुबह करीब 11 बजे फैंसी स्टोर्स जाने के नाम से निकली थी और वापस नही आने पर बालिका के परिजन आसपास पता किये कुछ पता नही चला। बालिका के गुम रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र . 153/2020 धारा 363 भादंवि दर्ज किया गया है।

### मुख्यमंत्री का अमेरिका प्रवासः छत्तीसगढ़ में नई संभावनाएं के खुलेंगे द्वार

**रायपुर।** भूपेश बघेल का दस दिवसीय अमेरिका प्रवास कई मायनों में सार्थक रहा। अमेरिका में भारतीय औद्योगिक निवेशकों से चर्चा छत्तीसगढ़ के नई संभावनाएं के द्वार खोलेगा। अर्थशास्त्र में नोबल पुरस्कार प्राप्त प्रो. अभिजीत बनर्जी राज्य की अर्थ व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ ही मानव सूचकांक में बेहतर प्रदर्शन के योजना बनाने में सहायता देंगे।

# कलेक्टर से मिलने पहुंचे किक बाक्सिंग के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजयी खिलाड़ी

»रायगढ़ शहर के अमरदीप व ममता ने किक बाक्सिंग में देश के लिए जीता स्वर्ण पदक



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार से इंडियन ओपन अंतर्राष्ट्रीय किक बाक्सिंग प्रतियोगिता में विजयी प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अमरदीप सलूजा और ममता सिंह ठाकुर ने भेंट की।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने इस मौके पर खिलाडियों को बधाई देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतना रायगढ़ शहर के साथ पूरे देश के लिए गर्व की बात है, आपकी यह उपलब्धि नये खिलाडियों को लम्बे समय तक प्रेरणा देगी। उन्होंने खिलाडियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि 9 से 13 फरवरी तक इंडियन ओपन अंतर्राष्ट्रीय किक बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन तालकटोरा स्टेडियम में वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में दिल्ली में किया गया था। आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों के खिलाडियों के साथ कजाकिस्तान, जार्डन, यूक्रेन, नेपाल, क्रोएशिया, ग्रेड ब्रिटेन, इस्टोनिया के आफिशियल सम्मिलित हुए। रायगढ़ शहर के खिलाड़ी अमरदीप सलूजा ने य1फाईट में महाराष्ट्र व कर्नाटक को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं ममता सिंह ठाकुर ने क्रस्न फाईट तमिलनाडू व कर्नाटक को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया। छत्तीसगढ़ राज्य के 19 खिलाडियों ने 6 स्वर्ण, 11 रजत, 4 कांस्य सहित कुल 21 पदक प्राप्त किए।

» 10 रू. लिटर महुआ शराब के साथ युवक पकड़ा गया, आबकारी एक्ट की कार्यवाही

# खड़ियापारा लैलूंगा में 05 व्यक्ति जुआ खेलते पकड़ाये, 5200 रूपये फड से जप्त



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस द्वारा दिनांक 18/02/2020 की रात्रि खडियापारा लैलूंगा में जुआ होने की सूचना पर घेराबंदी कर रेड किया गया। रेड कार्यवाही में गांव की गली बिजली खम्भा के प्रकाश के नीचे 52 पत्ती तास से जुआ खेल रहे जुआडीयान 1- अब्दुल मुस्ताफा अब्दुल गफुर बाजारपारा लैलूंगा, 2- दुर्गेश गुप्ता पिता संतोष कुमार गुप्ता निवासी शांति नगर लैलूंगा, 3- बाल कृष्ण यादव पिता राम प्रसाद यादव निवासी बाजारपारा लैलूंगा, 4- बादल यादव पिता जयनंद यादव निवासी शांति नगर लैलूंगा एवं 5- बोधराम यादव पिता स्व0 फरिन्द्र कुमार निवासी शांति नगर लैलूंगा पटेल को घेराबंदी कर पकड़े। जिनके कब्जे एवं फड से कुल नगदी रकम 5200 रू, 52 पत्ती तास एवं एक प्लास्टिक बोरी जप्त किया गया है। लैलूंगा पुलिस की ग्राम झगरपुर में जुआ रेड कार्यवाही में झगरपुर के आयुब अली एस/ओ कायूम अली , घासीराम भगत एस/ओ सुकुल राम भगत, जयप्रकाश सारथी एस/ओ दवसिंह सारथी को पकडा गया उनके कब्जे एवं फड से कुल नगदी रकम 605 रू, 52 पत्ती तास एवं घटनास्थल से एक प्लास्टिक बोरी जप्त किया गया है। जुआडियान के विरूद्ध थाना लैलूंगा में धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है। दिनांक 19/02/2020 को घरघोड़ा पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम घरघोडी मिडिल स्कुल की ओर कच्ची रास्ते पर चनेशराम मांझी पिता छतन मांझी उम्र 28 वर्ष साकिन कुडुमकेला नवाडीह को कच्ची महुआ शराब बिक्री के लिये लाते हुऐ पकड़े। आरोपी के पास से 20 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन में 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना घरघोड़ा में आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्यवाही किया गया है।

## मानसिक रूप से कमजोर वृद्ध व्यक्ति के लिए लैलूंगा राइनो को इवेंट

डॉयल 112 इवेंट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लैलूंगा राइनो को ग्राम झगरपुर में दिनांक 19.02.2020 के सुबह करीब 11:20 बजे मारपीट के इवेंट पर रवाना किया गया था। मौके पर पहुंचे डॉयल 112 आरक्षक प्रह्लाद भगत को जानकारी मिली कि शोधन राठिया पिता ठाकुर राम राठिया उम्र 60 साल निवासी कुर्रा थाना लैलूंगा जो मानसिक रूप से कमजोर है भटकते हुए झगरपुर आ गया था जिसे गांव के कुछ लोग अभद्र व्यवहार कर भगा रहे थे। राइनो को इवेंट मिलने पर राइनो स्टाफ द्वारा वृद्ध को ईआरव्ही वाहन में सीएचसी लैलूंगा लाकर भर्ती कराये।

## 7 साल की गुम बालिका कोसीर रक्सा में मिली, सारंगढ़ राइनो इवेंट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सारंगढ़ राइनो को थाना कोसीर अंतर्गत ग्राम दिनांक 19.02.2020 के दोपहर 15:30 बजे रक्सा में एक 07 साल की बच्ची के मिलने की सूचना किसी जागरूक नागरिक द्वारा डायल 112 को कॉल कर दिया गया था। कॉलर को बच्ची की मानसिक स्थिति कमजोर लगा क्योंकि बालिका उन्हें अपना नाम पता नहीं बता पायी। मौके पर पहुंचे डॉयल 112 स्टाफ द्वारा थाना कोसीर को गुम बालिका मिलने की सूचना दिया गया जिस पर बालिका के कोसीर नया बस्ती के होने की जानकारी हुई और डॉयल 112 आरक्षक सरोज सिदार एवं चालक आरक्षक तिरुपति निषाद द्वारा ईआरव्ही वाहन में कोसीर नया बस्ती ले जाकर बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है ।

## छत्तीसगढ़ में सतत विकास लक्ष्य और अर्थव्यवस्था को गति देने के प्रयासों को मिल रही सराहना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सतत विकास लक्ष्य के आयामों के क्रियान्वयन और अर्थव्यस्था को गति देने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा किए जा रहे प्रयासों को अमेरिका में भी सराहना मिल रही है भारत के स्थाई प्रतिनिधि श्री सैयद अकबरूद्दीन ने ट्विटर में लिखा है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और अधिकारियों ने संयुक्त राष्ट्र संघ के दौरे में छत्तीसगढ़ में अर्थव्यवस्था को गतिदेने के लिए बहुआयामी प्रयास के साथ ही सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए क्रियान्वित किए जा रहे प्रयासों को साझा किया है। इसके लिए हम उनके आभारी हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और छत्तीसगढ़ के अधिकारियों की टीम दस दिवसीय अमेरिका प्रवास पर है। इस दौरे के दौरान भारतीय अमेरिकी निवेशकों सेबोस्टन, सेनफ्रांस्किो, न्यूयार्क में चर्चा की। उन्होंने हार्वड विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ में किए जा रहे नवाचार और विभिन्न प्रयासों पर व्याख्यान दिया। इसके साथ ही दुनिया के सबसे बड़ी डाटा कम्पनी ईक्वीनिक्स और संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय सहित अनेक स्थानों का भ्रमण किया है।

# 24 फरवरी को खिलायी जाएगी डीईसी एवं एलबेन्डाजॉल की गोली

» कृमि तथा हाथी पॉव की रोकथाम के लिए होगा सामूहिक दवा सेवन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक रूप से दवा सेवन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन पर रायगढ़ जिले के समस्त आबादी में से 85 प्रतिशत लक्षित जनसंख्या को सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के तहत डी.ई.सी. एवं एल्बेन्डाजॉल की गोली खिलाई जानी है।

इस संबंध में जिला समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा समस्त विभाग प्रमुखों को राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी ने बताया कि 24 फरवरी को पहले दिन बूथ में डी.ई.सी. एवं एलबेन्डाजॉल की गोली खिलाई जायेगी। 25 एवं 26 फरवरी को घर-घर पहुँच कर परिवार के लोगों को दवाई खिलाने वाला दल अपने समक्ष दवाई खिलाई जायेगी। दवाईयों को खाली पेट नहीं खिलाना है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों एवं शिक्षण संस्थानों में 1 वर्ष से 19 आयु वर्ग के समस्त पंजीकृत, गैर पंजीकृत बच्चों किशोर, किशोरियों को गोली खिलाई जावेगी। दवाई की खुराक उम्र अनुसार देनी है, जिसमें 0 से 1 वर्ष के बच्चों को गोली नहीं खिलाई जावेगी। 1 से 2 वर्ष आयु के बच्चों को एल्बेन्डाजॉल की आधी गोली, 2 से 5 वर्ष 1 गोली डी.ई.सी. 1 गोली एलबेन्डाजॉल, 6 से 14 वर्ष 2 गोली डी.ई.सी. 1 गोली एलबेन्डाजॉल, 6 से 14 वर्ष 3 गोली डी.ई.सी. 1 गोली एलबेन्डाजॉल, 15 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति को 3 गोली डी.ई.सी., 1 गोली एल्बेन्डाजॉल खिलाई जावेगी। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टी.जी. कुलवेदी ने समस्त विभाग प्रमुखों को जानकारी दी गई है।

# नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में बालकों एवं किशोरों के मध्य जागरूकता

» लाने हेतु बालगृहों एवं बालसदन में चित्रकला प्रतियोगिता के साथ विधिक जागरूकता शिविर संपन्न




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष रमाशंकर प्रसाद के दिशा-निर्देशन में, नई दिल्ली द्वारा संचालित नालसा योजना 2015 के अन्तर्गत, नशा के दुष्प्रभावों तथा नशा उन्मूलन विषय पर, चक्रधर बाल सदन, नीलांचल बालगृह के अतिरिक्त नई उम्मीद, बालगृह में, जहॉ अन्य बच्चों के अलावा मूक-बधिर एवं विमंदित बच्चे भी रहते हैं, चित्रकला प्रतियोगिता तथा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही वृद्धाश्रम में भी विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता एवं विधिक जागरूकता शिविरों में न्यायाधीश ओमप्रकाश सिंह चौहान, देवेन्द्र कुमार, विवेक कुमार तिवारी, श्रीमती पल्लवी तिवारी, चन्द्र कुमार कश्यप, दिग्विजय सिंह, रवि कुमार महोबिया एवं सुश्री आकांक्षा बेक द्वारा नशा के दुष्प्रभावों एवं नशा उन्मूलन विषय पर बच्चों एवं किशोरों को जागरूक करते हुए, चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में सरल शब्दों में समझाते हुए, इस पर बच्चों को उनके विचार प्रकट करने को कहा गया। बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये और न्यायाधीशगणों का स्वयं द्वारा तैयार किये गये पुष्पगुच्छ से स्वागत भी किया। वृद्धाश्रम में वृद्ध महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार के विषय में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त निःशुल्क कानूनी सहायता एवं सलाह कैसे प्राप्त करें, इसके लिये कौन-कौन व्यक्ति हकदार हैं, विधिक सहायता एवं सलाह किन-किन रूपों में प्राप्त की जा सकती है, के विषय में भी बताया गया। अंत में न्यायाधीशगण द्वारा वृद्धजनों को मौसमी फल एवं मिठाईयॉ वितरित की गईं। उपरोक्त कार्यक्रम में प्रतिधारक अधिवक्ता धीरज कुमार जायसवाल सहित पैरालीगल वालिंटियर संतोष कुमार सिदार, नन्द कुमार चौहान एवं श्रीमती गीता गुप्ता उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480